न्यूयॉर्क के अप्रवासी नागरिकों के लिए सहायता मार्गदर्शिका

NYC Mayor's Office of Immigrant Affairs

सभी न्यूयॉर्क नागरिक बिना किसी डर के देखभाल और सहयोग हासिल कर सकते हैं

अप्रवासी कानूनी सहायता

निःशुल्क, सुरक्षित अप्रवासी कानूनी सहायता के लिए ActionNYC को सोमवार से शुक्रवार तक, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक **800-354-0365** पर कॉल करें। केवल किसी विश्वसनीय, लाइसेंस प्राप्त वकील या मान्यता प्राप्त प्रतिनिधि की मदद लें।

अप्रवासी परिवारों को सहयोग देना

स्वास्थ्य देखभाल

- COVID-19 के लिए टीका लगवाने, देखभाल, परीक्षण या उपचार से आपकी अप्रवासन स्थिति प्रभावित नहीं होगी। **nyc.gov/covidtest** पर अपने आसपास निःशुल्क परीक्षण साइट खोजें या **212-COVID19 (212-268-4319)** पर कॉल करें।
- निःशुल्क प्लानों सहित स्वास्थ्य बीमा प्लानों में **nyc.gov/getcoverednyc** पर नामांकन कराएं या **311** पर कॉल करें। यदि आप स्वास्थ्य बीमा के लिए पात्र नहीं होते हैं, तो NYC Care आपको मामूली से लेकर बिना लागत की सेवाएं देने की गारंटी देता है। अप्रवासन स्थिति मायने नहीं रखती। **646-NYC-Care (646-692-2273)** पर कॉल करें या **nyccare.nyc** पर जाएं।
- तनावग्रस्त या चिंतित महसूस कर रहे हैं? गोपनीय सहायता के लिए और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तथा पदार्थ इस्तेमाल संसाधनों से जुड़ने के लिए NYC Well परामर्शदाता से बात करें। **nyc.gov/nycwell** पर जाएं, **888-NYC-Well (888-692-9355)** पर कॉल करें, या WELL टेक्स्ट को **65173** पर भेजें।

शिक्षा

- 4 वर्ष की आयु के सारे NYC बच्चे प्री-K (Pre-K) के लिए पात्र हैं और 21 वर्ष के हो जाने तक पब्लिक स्कूल में भर्ती हो सकते हैं। पड़ोस के कुछ हिस्सों में, “3-K” 3 वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए भी उपलब्ध हो सकता है। नामांकन के लिए, **schools.nyc.gov/enrollment** पर जाएं या **311** पर कॉल करें।
- We Speak NYC के साथ मुफ्त में अंग्रेज़ी सीखें। इंटरमीडिएट अंग्रेज़ी भाषा सीखने वाले ऑनलाइन वार्ता कक्षाओं के लिए साइन अप करने के लिए **wespeaknyc.cityofnewyork.us** पर जा सकते हैं।

आपातकालीन भोजन

- NYC के स्थानों पर शाकाहारी, हलाल और कोशर भोजन उपलब्ध हैं। पात्र न्यूयॉर्क नागरिकों के लिए डिलीवरी के विकल्प उपलब्ध हैं। **nyc.gov/getfood** पर और अधिक जानें या **311** पर कॉल करें और “Get Food” कहें।

अपने समुदायों को सुरक्षित रखना

जन सुरक्षा

- कानून के अनुसार, NYPD अपराध के शिकार हुए लोगों, गवाहों या मदद माँगने वाले अन्य लोगों से अप्रवासन की स्थिति के बारे में नहीं पूछ सकता। अपराध के शिकार हुए या अपराध के गवाह बने किसी भी व्यक्ति को **911** पर कॉल करनी चाहिए।

भेदभाव के खिलाफ़ सुरक्षा

- जाति, धर्म या अप्रवासन स्थिति के आधार पर किसी के भी खिलाफ़ भेदभाव, बदले की कार्रवाई और प्रताड़ना को न्यूयॉर्क शहर में बर्दाश्त नहीं किया जाता है। प्रताड़ना या भेदभाव की सूचना देने के लिए, NYC मानवाधिकार आयोग को **212-416-0197** पर कॉल करें।

IDNYC

- IDNYC 10 वर्ष और इससे अधिक आयु वाले NYC के सभी निवासियों के लिए सरकार द्वारा जारी किया गया मुफ्त फोटो ID कार्ड है और यह व्यापक सेवाओं एवं छूटों तक पहुँच प्रदान करता है। IDNYC आवेदकों की सूचना गोपनीय है। अप्रवासन स्थिति मायने नहीं रखती। ऑनलाइन नवीकरण कराएं या **nyc.gov/idnyc** पर नामांकन कराने के लिए भेंट निर्धारित करें या **311** पर कॉल करें।

घरेलू हिंसा के खिलाफ़ सुरक्षा

- यदि आप दुर्व्यवहार का अनुभव कर रहे हैं तो शहर आपकी मदद के लिए मौजूद है। आप **nyc.gov/nychope** पर जा सकते हैं या NYC की घरेलू हिंसा हॉटलाइन को **800-621-HOPE** पर कॉल कर सकते हैं।

आपके अधिकार हैं

ICE (अप्रवासन प्रवर्तन) से अपने अधिकारों को जानें

- शहर अप्रवासन प्रवर्तन संचालित नहीं करता। यदि संघीय अप्रवासन प्रवर्तन द्वारा आपसे संपर्क किया जाता है तो आपके अधिकार हैं। निःशुल्क और सुरक्षित अप्रवासन संबंधी कानूनी सहायता के लिए **nyc.gov/knowyourrights** पर जाएं या ActionNYC को **800-354-0365** पर कॉल करें।

किराएदार के अधिकार

- यदि आप किसी आवास में किराएदार हैं और आपको घर खाली करने या अपने मकान मालिक से संबंधित किसी भी मुद्दे पर मदद की ज़रूरत है तो **nyc.gov/tenantprotection** पर जाएं या **311** पर कॉल करें और निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए “tenant helpline” कहें। आवास संबंधी अतिरिक्त सहायता के लिए **nyc.gov/housing** पर जाएं।

कामगारों के अधिकार

- आपको न्यू यॉर्क शहर के कानून के तहत वेतन सहित अस्वस्थता छुट्टी का अधिकार है। अप्रवासन स्थिति मायने नहीं रखती। कार्य का प्राधिकार रखने वाले अप्रवासी न्यूयॉर्क निवासी बेरोजगारी बीमा लाभों के लिए पात्र हो सकते हैं। संसाधनों के लिए **nyc.gov/workers** पर जाएं या **212-436-0381** पर कॉल करें।

Ask MOIA हॉटलाइन

- यदि आपके अप्रवासन या शहर की सेवाओं तक पहुँचने के तरीके के बारे में कोई प्रश्न हैं तो आपकी भाषा में मदद उपलब्ध है। अप्रवासी मामलों के मेयर के कार्यालय (MOIA) की हॉटलाइन पर सोमवार से शुक्रवार तक, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक **212-788-7654** पर कॉल करें या **askmoia@cityhall.nyc.gov** पर ई-मेल भेजें।

Rev. 01/2021 Hindi